# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 23.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **धनबाद के बाघमारा में अवैध कोयला खनन के दौरान बड़ा हादसा, पांच मजदूरों की मौत, कइयों के दबे होने की आशंका, भाजपा ने राज्य सरकार को ठहराया जिम्मेवार।**
2. **न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान बने झारखंड उच्च न्यायालय के 17वें मुख्य न्यायाधीश, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिलायी पद की शपथ।**
3. **राज्य में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया तेज, राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष ने कहा– इसी वर्ष नवंबर–दिसंबर में होगा नगर निकाय का चुनाव।**
4. **राज्य में एक जून से अब तक सामान्य से 55 प्रतिशत अधिक बारिश, 24 में से 21 जिलों में औसत से अधिक बारिश दर्ज।**
5. **जमशेदपुर में कल से शुरु होगी डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता, दर्शकों के बीच निःशुल्क टिकट का वितरण आज से शुरु।**

*******************

धनबाद जिले के बाघमारा थाना क्षेत्र के केसरगढ़ इलाके में संचालित बीसीसीएल की ब्लॉक टू एरिया में कोयले के अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी है। हादसे में मरने वाले सभी लोग गिरिडीह जिले के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। मलबे के नीचे अभी भी चार–पांच और लोगों के दबे होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि बीसीसीएल और जिला प्रशासन ने ऐसी किसी घटना से इन्कार किया है। इस बीच जदयू विधायक सरयू राय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये इस हादसे में 9 मजदूरों की मौत होने की बात कही है।

*******************

इधर, भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने भी दावा किया है कि अवैध खनन में नौ लोगों की जान गयी है। उन्होंने हादसे के लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया है।

*******************

न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने आज झारखंड उच्च न्यायालय के 17वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची स्थित राजभवन में न्यायमूर्ति चौहान को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो और विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी के अलावा कई न्यायाधीश और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जारी नियुक्ति पत्र पढ़ा।

*******************

राज्य में इसी वर्ष नवंबर– दिसंबर में नगर निकाय का चुनाव होगा। यह जानकारी राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने बोकारो में मीडिया से बात करते हुए दी। श्री यादव ने कहा कि वे ओबीसी आरक्षण को लेकर ही जिलों का भ्रमण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य पिछड़ा आयोग का अध्यक्ष पद कुछ दिन खाली रहने के कारण ट्रिपल टेस्ट नहीं हो पाया था।लेकिन अब तेज गति से काम हो रहा है।

*******************

आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। 1927 में इसी दिन देश में पहला रेडियो प्रसारण एक निजी कंपनी इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के बॉम्बे स्टेशन से शुरू हुआ था। 1927 से, रेडियो देश के लोगों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। आकाशवाणी अपने आदर्श वाक्य–**बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय** – को चरितार्थ करते हुए, जनसाधारण को सूचना, शिक्षा और मनोरंजन प्रदान करती रही है।

*******************

राज्य में डिजिटल इंडिया अभियान का व्यापक असर हुआ है। व्यापार जगत ही नहीं बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी एक नयी क्रांति आयी है। गिरिडीह के छात्र प्रेम कुमार कहते हैं कि पहले के समय में अब शिक्षकों का मिलना बहुत मुश्किल होता था लेकिन अब वे आसानी से ऑनलाइन क्लॉस के जरिये शिक्षकों से सीधा संवाद कर सकते हैं।

*******************

साहिबगंज जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं।

*******************

राज्य के 24 में से 21 जिलों में अब तक सामान्य से अधिक बारिश रिकार्ड की गई है। इनमें जिन तीन जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है उनमें गोड्डा, पाकुड़ और देवघर शामिल हैं।

*******************

चतरा जिले में लगातार बारिश के कारण खरीफ फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ा है। अधिक वर्षा के कारण किसान मक्का, दलहन और तेलहन की बोआई नहीं कर पाए हैं। कुछ किसानों द्वारा बोआई तो की गई लेकिन बीज खेतों में ही सड़ गए। वहीं धान की फसल के लिए रोपाई का काम जोर शोर से चल रहा है। इस वर्ष कृषि विभाग को 36 हजार 500 हेक्टेयर का लक्ष्य मिला है ।

*******************

मिले–जुले वैश्विक संकेतों के बीच ऑटो शेयरों की बढ़त के चलते भारतीय शेयर बाजार आज हरे निशान में कारोबार कर रहा है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक सेंसेक्स 148 अंक बढ़कर 82,335 पर और निफ्टी 45 अंक बढ़कर 25,105 पर पहुंच गया था।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 93 हजार 2 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 20 हजार रूपये है।

*******************

जमशेदपुर स्थित जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कल से डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के **ग्रुप सी** के मुकाबले खेले जायेंगे। इस मैच के लिए आज से दर्शकों के बीच निःशुल्क टिकट का वितरण शुरु हो गया है। टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच के लिए कुल 22,500 टिकटें बांटी जायेगी। इसके अलावा जेएसए लीग में खेलने वाली 41 क्लब और स्थानीय स्कूलों को भी निःशुल्क टिकट उपलब्ध कराया जायेगा।

********समाप्त*********